J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:29.09.2021**

# THE TRIBUNE

## GRIEVANCE REDRESSAL SYSTEM

**Faridabad:** Prof Avinash Kumar Chawla, a former Vice-Chancellor of Kurukshetra University and presently the Ombudsperson of the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad reviewed the students' grievance system of the university. He asked the officials to simplify further the mechanism for a speedy resolution of the grievances of students.

The Tribune Wed, 29 September 20
https://epaper.tribur

**NEWS CLIPPING:29.09.2021**

# PIONEER

# रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग प्रौद्योगिकी पर कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अपने विद्यार्थियों तकनीकी कर्मचारियों और संकाय सदस्यों के लिए रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की आरएसी कार्यशाला द्वारा डेकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है। डेकिन इंडियन के सहयोग से विश्वविद्यालय में एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी संचालित है।



**वाईएमसीए में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते प्रो. दिनेश कुमार।**

कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार, प्रो. संदीप ग्रोवर, प्रो. तिलक राज, कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला अधीक्षक डॉ विवेक शर्मा की देखरेख में डेकिन इंडिया में प्रशिक्षण एवं विकास प्रबंधक हितेश शर्मा एवं वीरेंद्र सिंह एवं आरएसी कार्यशाला में अनुभाग प्रमुख मनमोहन कक्कड़ द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण और कौशल सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित नियमित रूप से करने की जरूरत है।

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:29.09.2021**

# PIONEER

# जेसी बोस के लोकपाल ने की छात्र शिकायत प्रणाली की समीक्षा



वाईएमसीए कालेज में आयोजित बैठक को संबोधित करते पूर्व कुलपति अविनाश कुमार चावला।

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लोकपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.अविनाश कुमार चावला ने आज विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा विश्वविद्यालय की छात्र शिकायत प्रणाली की समीक्षा की।

बैठक कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की मौजूदगी में हुई। बैठक में डीन ऑफ क्वालिटी एश्योरेंस डॉ. संदीप ग्रोवर, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. लखविंदर सिंह, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. विकास तुर्क, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह, कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और उप कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय में लोकपाल का प्रावधान अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के निर्देश पर किया गया है। प्रावधानों के अनुसार, लोकपाल एक सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश या सेवानिवृत्त कुलपति या प्रोफेसर होना चाहिए, जोकि विभाग का डीन रहा हो और कम से कम 10 वर्षों तक राज्य या केंद्रीय विश्वविद्यालय या प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रोफेसर के पद पर काम कर चुका हो। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रो. चावला को विद्यार्थियों के लाभ के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की गई विभिन्न पहलों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करते हुए शिकायत निवारण, फीस माफी, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट और स्टार्ट-अप और इनक्यूबेशन सहित विभिन्न छात्र केंद्रित नीतियां तैयार की हैं।

**NEWS CLIPPING:29.09.2021**

## AMAR UJALA

# कुलपति प्रो. दिनेश ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की आरएसी कार्यशाला द्वारा डेकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण और कौशल सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**NEWS CLIPPING:29.09.2021**

## AMAR UJALA

# लोकपाल ने छात्र शिकायत प्रणाली की समीक्षा की

**अमर उजाला ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के लोकपाल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अविनाश कुमार चावला ने मंगलवार को बैठक की। उन्होंने विश्वविद्यालय की छात्र शिकायत प्रणाली की समीक्षा की।

विश्वविद्यालय में लोकपाल का प्रावधान अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के निर्देश पर किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रो. चावला को विद्यार्थियों के लाभ के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की गई विभिन्न कदमों से अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करते हुए शिकायत निवारण, फीस माफी, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट, स्टार्ट-अप सहित विभिन्न छात्र केंद्रित नीतियां तैयार की हैं। साथ ही, विश्वविद्यालय ने कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद छात्रों को सहयोग देने के लिए फीस माफी की नीति लागू की।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:29.09.2021**

# HARYANA VAIBHAV

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के लोकपाल ने छात्र शिकायत प्रणाली की समीक्षा की

**हरियाणा वैभव/प्रमोद कुमार**

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के लोकपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अविनाश कुमार चावला ने आज विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा विश्वविद्यालय की छात्र शिकायत प्रणाली की समीक्षा की।

बैठक कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की मौजूदगी में हुई। बैठक में डीन ऑफ क्वालिटी एश्योरेंस डॉ. संदीप ग्रोवर, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. लखविंदर सिंह, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. विकास तुर्क, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह, कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और उप कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय में लोकपाल का प्रावधान अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के निर्देश पर किया गया है। प्रावधानों के अनुसार, लोकपाल एक सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश या सेवानिवृत्त कुलपति या प्रोफेसर होना चाहिए, जोकि विभाग का डीन रहा हो और कम से कम 10 वर्षों तक राज्य या केंद्रीय विश्वविद्यालय या प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रोफेसर के पद पर काम कर चुका हो।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रो. चावला को विद्यार्थियों के लाभ के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की गई विभिन्न पहलों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करते हुए शिकायत निवारण, फीस माफी, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट और स्टार्ट-अप और इनक्यूबेशन सहित विभिन्न छात्र केंद्रित नीतियां तैयार की हैं। साथ ही, विश्वविद्यालय ने कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद छात्रों को सहयोग देने के लिए फीस माफी की नीति लागू की तथा विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत तक फीस माफ की।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने प्रो. चावला को विश्वविद्यालय की छात्र शिकायत निवारण प्रणाली से अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाता है और इसके समाधान के लिए उचित कार्रवाई की जाती है। प्रो. चावला ने विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण पहलुओं पर प्रसन्नता व्यक्त की और अधिकारियों से शिकायत प्रणाली को और सरल बनाने का आग्रह किया ताकि विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान सरलतापूर्वक हो सके।

**NEWS CLIPPING:29.09.2021**

# NAVBHARAT TIMES

# विश्वविद्यालय में दिया जाएगा प्रशिक्षण

NBT• 29/9/21

एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अपने विद्यार्थियों तकनीकी कर्मचारियों और संकाय सदस्यों के लिए रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की आरएसी कार्यशाला द्वारा डेकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है।